Hindi हिंदी

safe steps
Family Violence Response Centre

हस्तक्षेप, सहायता और परामर्श के लिए पूरे राष्ट्र में आपका **24/7** फैमिली वायोलेंस रिस्पॉन्स सेंटर (पारिवारिक हिंसा के मामलो में सहायता प्रदान करने वाला केंद्र)

गोपनीय सहायता और जानकारी के लिए टोल फ्री कॉल करें

1800 015 188

safe steps
Family Violence Response Centre

पारिवारिक हिंसा क्या है?

- शारीरिक या यौन शोषण
- भावनात्मक या मानसिक शोषण
- आर्थिक शोषण जैसे पैसे या पारिवारिक संसाधन रोक कर रखना
- धमकी या अवपीड़न
- परिवार और दोस्तों से आपको अकेला करना
- उन चीजों को हानि पहुँचाना जो आपको पसंद हैं जैसे कि पालतू जानवर, निजी संपत्ति
- आपको नियंत्रित करना या आप पर प्राबल्य रखना, जिसके कारण आपको अपनी सुरक्षा या किसी अन्य व्यक्ति की सलामती का डर हो
- आपके बच्चे को हिंसा होते हुए सुनाना, दिखाना या अन्यथा उसके प्रभावों के सम्मुख करना

safesteps.org.au

“हर किसी के पास यह अधिकार है कि वह हिंसा, डर और संत्रास से मुक्त हो कर जीए”

पारिवारिक हिंसा

- प्रधानतः यह पुरुषों के द्वारा महिलाओं, बच्चों और वृद्ध लोग सहित अन्य संवेदनशील लोगों पर किया जाता है
- किसी के साथ भी हो सकता है
- बच्चों को प्रभावित करता है और उनके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक सलामती पर इसका प्रभाव पड़ सकता है
- पूरे समुदाय को प्रभावित करता है चाहे उसकी अवस्थिति, सामाजिक आर्थिक और स्वास्थ्य की स्थिति, आयु, संस्कृति, लैंगिक पहचान, क्षमता, जातीयता या धर्म कुछ भी हो
- किसी भी अन्य अच्छी तरह से ज्ञात जोखिम के कारकों की तुलना में 15 से 45 वर्षीय महिलाओं के स्वास्थ्य पर इसका सबसे अधिक हानिकारक प्रभाव पड़ता है

सेफ स्टेप्स निम्नलिखित में आपकी सहयाता कर सकता है:

- एक अधिक सुरक्षित भविष्य के लिए निर्णय लेने के लिए
- आपात आवास या रेफ्यूज (शरण) के लिए
- नया और सुरक्षित आवास ढूँढने के लिए
- आपके अधिकार, हक और विकल्पों के बारे में जानकारी
- तब तक अपना घर छोड़ने के लिए (चाहे वह अल्पकालिक क्यों न हो) जब तक प्रताड़ित करने वाले व्यक्ति को उसके द्वारा किए गए अपराध के लिए पकड़ा ना जाए
- आपके बच्चों के साथ अपने घर में सुरक्षित रूप से रहना जब कि कानून की आवश्यकतानुसार प्रताड़ित करने वाले व्यक्ति को वहाँ से जाना होगा
- अन्य सहायक सेवाओं, पुलिस और आपराधिक न्याय प्रणाली के द्वारा एडवोकेसी (परामर्श)

“उस कॉल को करना, एक और महिला से बात करना, जिसने मेरी बात सुनी और समझी, उसके कारण मुझे ऐसा लगा कि मैं अकेली नहीं हूँ... मदद उपलब्ध है...यह कि मुझे यह सब अपने आप अकेले नहीं संभालना होगा”

safe steps
Family Violence Response Centre

हमारी सेवाएं:

- 24/7 फैमिली वायोलेंस रिस्पॉन्स सेंटर (पारिवारिक हिंसा के मामलो में सहायता प्रदान करने वाला केंद्र)
- जोखिम का आंकलन
- आपात आवासन
- सुरक्षा की योजना बनाना
- सहायता
- जानकारी
- परामर्श (एडवोकेसी)
- रेफरल
- अनुवादक की सेवाएं उपलब्ध हैं

महिलाओं की सहायता करने के लिए पारिवारिक हिंसा के क्षेत्र में काम करने वाले कर्मी पेशेवर प्रशिक्षित महिलाएं हैं

अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित देखें:
safesteps.org.au

गोपनीय सहायता और जानकारी के लिए टोल फ्री कॉल करें

1800 015 188

IS.29454